तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 विधायक ने नपं की कार्यप्रणाली पर फर्जीवाड़ा का...



14 रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में कांकेर जिले को प्रथम स्थान






आंदोलन : छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम पर सौंपा ज्ञापन

# एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने पूर्व सेवा गणना मिशन की मांग को लेकर सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चार शिक्षक संगठनों के छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा पूर्व सेवा गणना मिशन को लेकर जिला मुख्यालय कांकेर में 24 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन कर रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

- 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पुरानी पेंशन देने के साथ ही लंबित महंगाई भत्ता एवं एरियर्स की मांग पर आवाज की बुलंद
- नए सिरे से शत प्रतिशत रिक्त पदों पर काउंसिलिंग कर दीपावली से पूर्व पदास्थापना का दिया अश्वासन

जिलेभर से चार शिक्षक संगठन से जुड़े एलबी शिक्षक जिला मुख्यालय में बाजार स्थल के डोम में एकत्र हुए और एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संघ के नेताओं ने एलबी संवर्ग के शिक्षकों की मूल मांग पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण, ▶▶| शेष पेज 12 पर



### धरना व रैली में रहे शामिल

आयोजित धरने व प्रदर्शन में हेमेंद्र साहसी, राजेश शर्मा, वाजिद खान, विमल ठाकुर, स्वदेश शुक्ला, उत्तम सिन्हा, अमित राठौर, प्रकाश चंद कांगे, संतोष जायसवाल, नंदकुमार अटभैया, सत्यनारायण नायक, डॉ. कृष्णमूर्ति शर्मा, भोला प्रसाद ठाकुर, सतीश साहू, निरंकार श्रीवास्तव, खम्मन नेताम, दुमेंद्र साहू, राखी वट्टी, बोधन साहू, अनूप पुराबिया, राखी वट्टी, दिनेश नाग सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

### शिक्षकों की कार हुई दुर्घटनाग्रस्त

जिला मुख्यालय कांकेर में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पंखांजूर से कांकेर जिला मुख्यालय में आने वाले शिक्षकों की कार अनियंत्रित होकर पुत्तरवाही के आगे दुर्गुकोंदल थानांतर्गत क्षेत्र में पेड़ से टकरा गई। कार में सवार सभी 6 शिक्षकों को मामूली चोट आई वहीं कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार शिक्षको को चोट नहीं आने के कारण किसी भी तरह की जानकारी थाना में नहीं दिया है।



### डीईओ ने दिया आश्वासन

जिले में सहायक शिक्षक से प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला की पदोन्नति सूची जारी नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने पुरानी काउंसलिंग को निरस्त करते हुए नए सिरे से शत प्रतिशत रिक्त पदों पर काऊंसीलिंग कर दीपावली के पूर्व पदास्थापना के लिए आश्वास्त किया है। संघ ने पारदर्शिता पूर्वक पदास्थापना की मांग किया है।

### आंदोलन के अगले चरन में

24 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन और रैली के उपरांत 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिन पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर शासन का ध्यान आकृष्ट करेंगे, इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 25 नवंबर को शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी नवा रायपुर में इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपेंगे।

शासी परिषद की बैठक में दिया गया आय-व्यय का ब्यौरा

# डीएमएफ राशि के उपयोग करने पर लंबे समय के बाद हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक नहीं हो पाने के कारण कार्यों में विराम लगा हुआ था और अंततः 24 अक्टूबर को बैठक हुई। बैठक में हंगामा होने की बात सामने आ रही थी, परंतु बिना हंगामे के शांति ढंग से बैठक निपटी। बैठक में वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी गई, साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत डीएमएफ की राशि से कराए जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया, इसके पहले डीएमएफ की बैठक 4 मार्च 2024 को हुई थी। जिला पंचायत के सभाकक्ष में 24 अक्टूबर को दोपहर साढ़े 12 बजे से आयोजित बैठक में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग प्राथमिक व आवश्यक कार्यों में हो, अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्र के लोगों को इसका अनिवार्य रूप से लाभ मिले, ऐसी कार्ययोजना बनाई जाए। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में अभी भी व्यापक स्तर पर विकास की जरूरत है, अतः प्रभावित ग्रामीणों को लक्षित कर खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग किया जाए। इस अवसर पर अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ▶▶| शेष पेज 12 पर

- सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल

### दिव्यांग हितग्राहियों को चेक वितरित

समाज कल्याण विभाग में संचालित विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत तीन दिव्यांग हितग्राहियों को सांकेतिक रूप से 50-50 हजार रूपए के चेक वितरित किए गए। हितग्राहियों में ग्राम माकड़ी खूना के आशीष कुमार कावड़े, ग्राम पुसवाड़ा के विनोद कुमार सार्वा और भानुप्रतापपुर के ग्राम साल्हे निवासी श्रीमती जगोतिनबाई कल्लो शामिल थे। उक्त योजना के तहत 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्त जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो, उन्हें उक्त योजनांतर्गत विभाग की ओर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके लिए दिव्यांग दंपत्ति को विवाह के छः ह माह के भीतर आवेदन करना होता है।



## निर्वाचक नामावली तैयार करने दावा-आपत्ति अब 30 तक लेंगे

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों यथा नगर पालिक निगम,नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के आम निर्वाचन 2024 एवं इन नगरीय निकायों के उप निर्वाचन 2024 कराये जाने के लिए 01 जनवरी 2024 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। जिसमें निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को तथा 23 अक्टूबर को समय अपरान्ह 3 बजे तक दावे–आपत्तियां आमंत्रित किए थे। जिसमें संशोधन करते हुए दावे–आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक किया गया है। इसके पश्चात 8 नवम्बर तक दावे–आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। दावे–आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध 5 दिवस के भीतर अपील करने के पश्चात 20 नवम्बर तक परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की प्रविष्टि साफ्टवेयर में कर 22 नवम्बर तक चेकलिस्ट का जांच के बाद जिला निर्वाचन कार्यालय को मुद्रण के लिए प्रेषित किया जाएगा। वहीं 25 नवम्बर तक निर्वाचक नामावली के मुद्रण की प्रक्रिया पूर्ण कर 27 नवम्बर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### आयोजन : कलेक्टर एवं एसपी ग्राम लखापुरी के सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में पहुंचे

# साइबर ठगी व नशामुक्ति के संबंध में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले के थाना मर्दापाल के सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र लखापुरी में सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर क्षेत्र के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। लोक कल्याण विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, आदिवासी समाज कल्याण विभाग आदि विभागों ने स्थानीय लोगों से समस्या के बारे मे जानकारी ली। समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

■ शिविर में योजनाओं की जानकारी दी गई, समस्या व मांगों के निराकरण का मिला आश्वासन

सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस व जनता के मध्य संबंध को मजबूत करने में कारगर साबित होगा। बस्तर ओलंपिक के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की भी अपील की। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षयकुमार ने कहा कि जिले के विभिन्न गांव में सामुदायिक पुलिसिंग के आयोजन से ग्रामीणजनों के बीच आपसी संवाद और सहयोग की भावना को बढ़ाने के साथ साइबर अपराध सहित विभिन्न अपराधों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे सतर्क और सजग रहने बताये। पुलिस विभाग के सायबर वॉलंटियर्स द्वारा सायबर ठगी से कैसे बचा जाये एवं नशामुक्ति को कैसे ग्रामीणों से मुक्त कराया जाये वॉलंटियर्स के द्वारा नाट्य के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम के पश्चात सामुदायिक पुलिसिंग मे आये ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को भोजन करवाया गया।



**बच्चों को चरण पादुका, ग्रामीणों को सामान का वितरण**

पुलिस विभाग द्वारा सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों ग्राम लखापुरी, नाहकानार, मलनार, ऐहरा, नवागांव, पदेली, मुलनार के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत बच्चों को चरण पादुका वितरण किया गया। स्थानीय ग्रामीणों एवं महिलाओं में जरूरत मंद सामान कम्बल, साड़ी, व्हीलचेयर विकलांग,वृध्दा छड़ी वितरण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत पुलिस अधीक्षक वाय.अक्षय कुमार, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल, रुपेश कुमार डान्डे, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, नायब तहसीलदार मर्दापाल विजय प्रताप सिंह, थाना प्रभारी रविशंकर ध्रुव एवं थाना स्टॉफ कर्मचारी व क्षेत्र के समस्त कोटवार, सरपंच, विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हांगकांग में हुआ ढोकरा बेल शिल्प का प्रदर्शन



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के माकडी क्षेत्र के ग्राम बरकई निवासी बन्नू राम बैघ ढोकरा बेलमेटल शिल्पकार हांगकांग में 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक अपनी शिल्प का प्रदर्शन किया। बन्नू को 2006 में हस्त शिल्प पुरस्कार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिया गया और राष्ट्रीय श्रेष्ठता पुरस्कार 2018 मिला। इस तरह अब बरकई की ढोकरा बेल मेटल देश-विदेश में प्रचलित हो रही है। जिसकी वजह से अपने गांव के साथ अपने जिले का भी नाम रोशन कर रहे हैं।

## धनोरा की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात



**धनोरा।** केशकाल विधायक नीलकंठ के साथ नेता रमेश यादव, रामलाल सलाम और क्षेत्रवासियों ने धनोरा को अलग विकासखंड बनाने , ग्राम पंचायत का गठन करने, सहकारी बैंक बनाने के साथ विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर चर्चा की। नेता रमेश यादव वा रामलाल सलाम ने उक्त जानकारी दी।

## पूर्णकालिक प्राचार्य की पदस्थापना सूची दीपावली पर की जाए जारी

**केशकाल।** राज्य प्राचार्य पदोन्नति एवं व्याख्याता पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी- कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत हजारों नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की प्राचार्य पदोन्नति की आवाज को शासन तक पहुंचाने कारगर पहल की हैं। प्रदेश में विगत 11 वर्षों से 3500 से अधिक शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पात्रता रखने वाले नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला स्नातकोत्तर प्रशिक्षित की प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं हुई हैं। इस मामले में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह की अगुवाई में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। प्रभारी के भरोसे काम चलाया जा रहा हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने शासन से मांग की हैं कि प्राचार्य पदोन्नति के तुरंत बाद टी एवं ई संवर्ग के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विषयवार व्याख्याता के रिक्त समस्त पदों पर उच्च वर्ग शिक्षक तथा शिक्षक संवर्ग से व्याख्याता पद पर पदोन्नति की जाए। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सह संयोजक लोकेश गायकवाड़ ने कहा कि केवल पद नाम परिवर्तित करने से होने वाली प्राचार्य पद की पदोन्नति सूची जारी कर कर्मचारियों को तोहफा दिया जाए।

## महिला खेलकूद का आयोजन आज

**बगदेही(धमतरी)।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन 25 अक्टूबर को धमतरी में होगा। विकासखण्ड प्रतियोगिता 16 अक्टूबर को अटलबिहारी स्टेडियम कुरुद में हुई। विकासखण्ड कुरुद के चयनित प्रतिभागियों को 25 अक्टूबर की सुबह 8:30 बजे काली मंदिर कुरुद में उपस्थित होने कहा गया है। यह जानकारी विकास खण्ड खेल प्रभारी सीएल साहू ने दी है।

# तेंदुए की मौजूदगी की खबर, वन विभाग की टीम पहुंचा सोनपुर जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले में करपावंड अंतर्गत ग्राम सोनपुर जंगल में तेंदुआ एवं उसके शावकों का वीडियो वायरल होने से गुरुवार को सीसीएफ आरसी दुग्गा, डीएफओ उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ योगेश रात्रे, देवलाल दुग्गा की टीम पहुंची। ग्रामीणों से बातचीत की और क्षेत्र के जंगल में पदस्थ मैदानी कर्मचारियों से पूछताछ करने पर पता कि वायरल वीडियो फर्जी है। डीएफओ ने बताया कि हाल ही में 16-17 अक्टूबर को क्षेत्र के जंगल में मरा हुआ मवेशी मिला था। इस पर विभाग की ओर से जंगल में कैमरा लगाया गया। कैमरा में लकड़बग्घा दिखा पर तेंदुआ नहीं मिला। गांव के जंगल में आए दिन मवेशियों के शव के साथ ही पैरों के निशान भी देखे गए हैं, पर पैरों के निशान पर तेंदुआ होने की सूचना नहीं मिली है। ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग के आला अधिकारियों की टीम भी जंगल में नजर बनाए हुए हैं। करपावंड ओडिशा सीमा से लगे होने के कारण काफी घना वन क्षेत्र है।

■ करपावंड के सोनपुर जंगल में तेंदुआ व शावकों की सोशल मीडिया में फोटो वायरल

# अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं को शारीरिक दक्षता का दे रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिले में युवाओं के कौशल को निखारने और उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला रोजगार अधिकारी ने विकास नगर मैदान में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के बीच पहुंचकर आगामी सेना भर्ती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आगामी 29 जनवरी से 31 जनवरी तक होने वाली अग्निवीर वायुसेना सीधी भर्ती के साथ–साथ दिसंबर 2024 में रायगढ़ में आयोजित होने वाली अग्निवीर थलसेना भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र कोण्डागांव द्वारा 10 सितंबर से अग्निवीर लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को अधिक परिश्रम करने व अपने शारीरिक कौशल को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप प्रदेश में रोजगार और शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य शासन के इस प्रयास से बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रें के युवाओं को भी अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अग्निवीर जैसी भर्ती प्रक्रियाओं में युवाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे राज्य के युवाओं का देश की सेवा का सपना पूरा हो सके और राष्ट्र हित में अपना योगदान दे सकें।

■ रोजगार से जोड़ने जिला प्रशासन चला रहा अभियान



# किसान की जमीन का फर्जी नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

ग्राम तुसेल के आदिवासी किसान मासे पिता डोरा की 4 एकड़ जमीन (खसरा नंबर 104) के फर्जी नामांतरण का मामला रंग ला रहा है। दिवंगत मासे के कानूनी वारिस लच्छू पिता लखमू ने एसडीएम को आवेदन देकर फर्जी नामांतरण को निरस्त करने और अपने नाम पर नामांतरण करने की अपील की है। यह विवाद तब सामने आया जब लच्छू पिता लखमू को अपनी दादी मासे पिता डोरा की भूमि के नामांतरण के बारे में पता चला। मासे की मृत्यु 2009 में हो चुकी थी, जिसके बाद इस जमीन का नामांतरण लच्छू के नाम होना था। लेकिन भूमाफियाओं ने धोखाधड़ी करते हुए, कोंडागांव जिले के चिमड़ी गांव के निवासी भदरू पिता चैतू के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। इस घोटाले में पटवारी की मिलीभगत का अंदेशा है। लच्छू ने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया है कि भूमाफियाओं द्वारा तैयार किए गए इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उनके कानूनी अधिकारों का हनन किया गया है। उन्होंने मांग की है कि उक्त जमीन का नामांतरण रद्द किया जाए और उसे सही ढंग से मेरे यानि वैध उत्तराधिकारी के नाम पर चढ़ाया जाए। गौरतलब है कि इस मामले की शिकायत पिछले दिनों विधायक और कलेक्टर से की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री को भी कॉपी भेजी गई है। छत्तीसगढ़ सर्व समाज के जिलाध्यक्ष दशरथ कश्यप ने भी इस मामले पर शासन प्रशासन को दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने और वैध वारिस को जमीन का हक देने की बात कही है। उन्होंने बस्तर जैसे आदिवासी बाहुल्य अंचल में जहां पेसा कानूनी और छठवीं अनुसूची लागू वहां आदिवासी जमीन को हड़पना सरासर गरीबों के साथ अन्याय बताया है।



### फर्जीवाड़े के सभी दोषियों पर हो कार्रवाई

*ग्राम पंचायत तुसेल के ग्रामीण भी आदिवासी की जमीन को फर्जी तरीके से हथियाने के लिए भूमाफियाओं द्वारा की गई फर्जीवाड़ा का विरोध करते दोषियों के साथ-साथ राजस्व विभाग के उन अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। जिनके संरक्षण में यह फर्जीवाड़ा हुआ है। अब ग्रामीण एकजुट होकर इस मामले में लच्छू के साथ खड़े नजर आ रहे हैं।*

## पश्चिम बोरगांव बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम



**फरसगांव/ कोंडागांव।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम-पश्चिम बोरगांव, पंचायत-बोरगांव में बुधवार को हर घर जल उत्सव समारोह आयोजित कर प्रमाणीकरण किया गया। ग्रामसभा में ग्राम पंचायत सरपंच आशा मरकाम, सचिव मोतीलाल चौहान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। समारोह में जल कर, सामुदायिक सहभागिता एवं स्वामित्व भावना से योजना का संचालन, संधारण, प्रबंधन जैसे प्रमुख जिम्मेदारी से अवगत कराया गया, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला समन्वयक तकनीकी दीपक कुमार, सीडीएटी परदेशी यादव एवं प्रकाश ठाकुर उपस्थित थे।

# मंदिर के पास मिला अज्ञात शिशु, पुलिस जांच में जुटी

**चारामा।** ग्राम दमकसा में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां नेगी बाबा मंदिर के पास एक अज्ञात शिशु मिला। ग्रामीणों ने मंदिर के पास एक शिशु के रोने की आवाज सुनी, जिसके बाद वहां पहुंचे और देखा कि लगभग एक से दो महीने का दूधमुंहा बच्चा कपड़ों के साथ वहां पड़ा था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने संरक्षण में लिया। पुलिस ने बच्चे को चारामा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को सुरक्षित बताया। अब तक बच्चे के माता-पिता की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है और न ही बच्चे को वहां छोड़ने वाले व्यक्ति का पता चल सका है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और बच्चे के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। इस घटना ने गांव वासियों के बीच चिंता और चर्चा का विषय बना दिया है कि आखिर इस मासूम को मंदिर के पास किसने और क्यों छोड़ा।



# मीवान स्टील की क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरण जनसुनवाई का शत प्रतिशत लोगों ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

मीवान स्टील्स लिमिटेड हाहालद्दी की 1.2 लाख मीट्रिक टन उत्खनन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई 24 अक्टूबर को सामुदायिक भवन दुर्गूकोंदल में हुई। लोक सुनवाई में पहुंचे माइंस प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने शत प्रतिशत समर्थन किया। ग्रामीणों ने कहा कि कांकेर जिला में संचालित सभी संस्थानों में अभी तक का सबसे बेहतर काम मीवान स्टील्स लिमिटेड का रहा, जो काबिले तारीफ है। क्षेत्र के लोगों ने कंपनी के द्वारा किए गए मदद को गिनाया। आयोजित लोक सुनवाई में पहुंचे ग्राम दोड़दे निवासी सुरुज लाल नेताम, राजकुमार नेताम, सियालाल तुलावी, फूलसिंग, शांतिलाल जैन ने कहा कि मीवान स्टील्स कंपनी क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है। प्रभावित क्षेत्र के सभी परिवार के लोगों को माइंस में रोजगार मिला है। हम कंपनी की उत्खनन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरण स्वीकृति के लिए हो रही लोक सुनवाई का समर्थन करते हैं। ग्राम हाहालद्दी निवासी अनिल कुमार सिन्हा, ममता सिन्हा, घनश्याम सिन्हा, हरिशचंद सिन्हा, बिंदिया नरेटी, गोवर्धन नरेटी, रुपेश कुमार ने लोक सुनवाई में कहा कंपनी ने प्रभावित क्षेत्र में अच्छा काम किया है। कंपनी स्थानीय लोगों की पूरी मदद करती है , गाँव के किसी भी व्यक्ति की समस्या बताई जाती है, तो उसे तत्परता से निराकरण के लिए मदद करते रहती है। क्षेत्र में जनहित कार्य भी कंपनी कर रही है। क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिले, इसमें हमारी सहमति है और क्षमता विस्तार का समर्थन करते हैं। हाहालद्दी ट्रक परिवहन संघ दुर्गूकोंदल अध्यक्ष जगतराम दुग्गा, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, जगन्नाथ साहू, आयनू ध्रुव, प्रवीण सिन्हा ने कहा मीवान स्टील्स लिमिटेड हाहालद्दी की कार्यशैली अच्छी है।माइंस प्रभावित क्षेत्र के लोगों मजदूरी दी है, भुगतान भी समय पर हो रहा है और ट्रकें चल रही है। भाड़ा राशि का भुगतान समय पर हो रही है। कंपनी की क्षमता विस्तार का समर्थन करते हैं। हाहालद्दी चाहचाड़ ट्रक परिवहन संघ दुर्गूकोंदल की रेश्यो बढ़ाई जाने की माँग किया, ताकि ट्रक व्यवसाय में भी लोगों को अवसर मिले। कंपनी की उत्खनन क्षमता विस्तार होने से आमदानी भी चौगुनी होगी। इसलिए हमारी मांग है, कंपनी माइंस प्रभावित क्षेत्र जुड़े हुए अन्य गांवों के लोगों के लोगों को मजदूरी कार्य पर रखे। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। हम क्षमता विस्तार का समर्थन करते हैं।









### पर्यावरणीय स्वीकृति का समर्थन

मीवान स्टील्स लिमिटेड हाहालद्दी के अधिकृत अधिकारी राजेश राना ने कहा कि पहली बार लोक सुनवाई में शत प्रतिशत समर्थन देखा हूं। माइंस प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने खुलकर लोक सुनवाई में उत्खनन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति का समर्थन किया है। कंपनी के हित में लोक सुनवाई का एकतरफा समर्थन के लिए माइंस प्रभावित क्षेत्र के आम नागरिक और परिवहन संघ दुर्गूकोंदल के पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। लोक सुनवाई एसडीएम एवं नोडल अधिकारी आस्था राजपूत ने सुनी। इस अवसर पर क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल अधिकारी शैलेश पिस्दा, जिला खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा, तहसीलदार केतन कुमार भोयर, एसडीएम राहुल रजक, एसडीएम चारामा एनके बंजारा, तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेन्द्र कुमार उर्वशा , एसडीओपी प्रशांत पैकरा, तहसीलदार कृष्ण पाटले, दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी योगेश सोनी सहित बड़ी संख्या में माइंस प्रभावित क्षेत्र के मजदूर, ग्रामीण, आम नागरिक के अलावा मीवान स्टील्स लिमिटेड के स्टाप उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### एलबी संवर्ग के...

पुरानी पेंशन निर्धारित करने एवं 20 वर्ष की पूर्ण सेवा में पुरानी पेंशन देने के साथ ही लंबित महंगाई भत्ता एवं एरियर्स की मांग विषय को लेकर भाषणबाजी कर लड़ाई की रणनीति की जानकारी दिया। 2018 से सँविलियन करने के पश्चात पुरानी 20 वर्ष की सेवा शून्य कर दी गई, जिससे प्रदेश भर के शिक्षक एलबी संवर्ग में गहरी नाराजगी है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत जिले के सातों विकासखंड के शिक्षक एलबी संवर्ग जिला स्तर पर उपस्थित होकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नजर आएं। भाषणबाजी के उपरांत डोम से रैली के शक्ल में कलेक्टर के लिए निकले और कलेक्टर जाने के पहले तहसीलदार ने ज्ञापन लिया।

### डीएमएफ राशि...

तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने भी बैठक में अपने क्षेत्र स्तर पर हो रहे कार्यों के संबंध में विचार व्यक्त किए। साथ ही प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी विभिन्न मांगों से परिषद को अवगत कराकर नवीन कार्य स्वीकृत करने की बात कही। आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास निधि के पदेन अध्यक्ष नीलेश क्षीरसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्यक्ष खनन प्रभावित ग्राम व नगर पंचायतों की संख्या 47 तथा अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित ग्राम पंचायतों की संख्या 409 है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि शासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के दिशा निर्देश में बदलाव करने के कारण कांकेर जिले को एनएमडीसी दंतेवाड़ा से मिलने वाला आबंटन अप्राप्त है। राज्य शासन के निर्देशानुसार महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों के विकास के लिए डीएमएफ मद का उपयोग प्राथमिकता से किया जाना है, यह भी प्रस्तावित है। इसके अलावा कलेक्टर ने वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक प्राप्त आबंटन एवं व्यय की वर्षवार जानकारी बैठक में दी, साथ ही नवीन प्रस्तावित कार्ययोजना 2024-25 का प्रस्ताव बैठक में रखा। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ एवं पदेन सचिव जिला खनिज संस्थान न्यास निधि सुमीत अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंच मौजूद थे।

श्री
।। पितृ कृपा ।।
बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाइल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
ग्रेनाइट
मार्बल
टाइल्स
कोटा स्टोन
तुलसी चौरा
मार्बल मंदिर

## खबर संक्षेप

### 80 बटालियन ने रोपे 6 हजार पौधे



**दरभा।** गृहमंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा 15000000 वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में 80 बटालियन को 6 हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य पूरा करना है। जिसके तहत विभिन्न समवायों में लगातार पौधा रोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 अक्टूबर को वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए जितेंद्र कुमार कमांडेंट 80 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपस्थिति में 80 बटालियन द्वारा कोलेंग डी 80 समवाय, नेतानार सी 80 समवाय के कैम्प परिसर में 600 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों समेत आम जनों ने पौधरोपण किया।

### 241 बटालियन ने चलाया स्वच्छता अभियान



**दरभा।** 241 बस्तरिया बटालियन के द्वारा बुधवार को अधिकारियों व जवानों द्वारा बस्तर ग्राम सेड़वा में जाकर एक कदम स्वच्छता की ओर अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें जवानों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छ भारत अभियान में भाग लिया और सुबह 6.30 से 8 बजे तक आस-पास के इलाके में सफाई किया। इसी कड़ी में ग्राम सेड़वा के प्राथमिक स्कूल में बस्तरिया बटालियन के 70 से 80 जवानों और ग्रामीणों ने आज इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और आस-पास के इलाके में सफाई कर एक कदम स्वच्छता की ओर के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का नेतृत्व हरविंदर सिंह कमांडेंट, नीरज पनवार सहायक कमांडेंट ने किया। साथ ही अधिनस्त अधिकारी व जवान शामिल रहे।

## निधन

### चक्रधर बिसाई

**जगदलपुर।** युवक कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष अजय बिसाई के पिता



चक्रधर बिसाई का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अन्तिम यात्रा दोपहर 2 बजे निवास स्थान प्रवीर वार्ड पनारापारा से मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम यात्रा में समाज, राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता व शहरवासी शामिल हुए। वरिष्ठ कांग्रेसी चक्रधर बिसाई बस्तर के गांधी माने जाने वाले मानकुराम सोढ़ी के कार्यकाल में सक्रिय कांग्रेसी रहे। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# 54 नमूना परीक्षण में 3 अमानक तथा 1 मिथ्याछाप पाया गया

## जगदलपुर और बस्तर ब्लाक के प्रतिष्ठानों से सेंपल लेकर भेजा गया प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

त्यौहारी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं औषधि प्रशासन की टीम बस्तर ब्लॉक एवं जगदलपुर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। बस्तर ब्लॉक से आम अचार, कैन्डी, चायपत्ती, बिस्कीट तथा जगदलपुर शहर से घी, आटा, खुला सूजी, पैक्ड सूजी, बेसन, नमकीन बूंदी, फरसान फ्लोर, पामोलिन ऑयल, खोवा, चमचम, रसगुल्ला का नमूना संग्रहण कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, होटलों से मिठाईयों एवं खाद्य सामग्रियों का 54 नमूना परीक्षण किया गया। जिसमें 3 अवमानक तथा 1 मिथ्याछाप पाया गया। लड्डू व मिठाईयों में मात्रा से अधिक खाद्य रंगों का प्रयोग न करने का निर्देश दिया गया। जन जागरुकता अभियान के तहत पी.जी. कालेज जगदलपुर में रसायन विभाग के छात्र, छात्राओं को खाद्य सुरक्षा मानकों एवं



मिलावटों के प्रारंभिक जांच के संबंध में जानकारी दिया गया। पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्र, छात्राओं को खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गयी तथा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य पदाथोंर् की प्रारंभिक जांच के संबंध में जानकारी दी गयी।

इस दौरान छात्र, छात्राएं, प्रोफेसर्स, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला बस्तर तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला दंतेवाड़ा उपस्थित रहे। ठेला, गुमटी, फुड स्टॉल एवं नास्ता सेंटरों, होटलों, मिठाई दुकानों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे खाद्य सामग्रीयों को ढंक कर रखें। अखबारी, प्रींटेड कागज का उपयोग नास्ता देने में न करें उनके जगह प्लेट, प्लेन कागज या दोनों का उपयोग करें। खुले में विक्रय के लिए रखे खाद्य सामग्रियों को मक्खियों से बचाव के लिए जाली, नेट से ढकें। सूखे खाद्य पदाथोंर् को नमी से बचाकर रखें। दीपावली, होली पर्व के दौरान रोड किनारे एवं बाजार में मिठाइयों का अस्थायी स्टॉल लगाने वाले खाद्य कारोबारकर्ता सर्वप्रथम कार्यालय से पंजीयन अनुज्ञप्ति लें। मिठाई के ट्रे पर मिठाई के नाम के साथ निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अनिवार्य रुप से प्रदर्शित करें।

## शिक्षकों की हड़ताल से जिले के सैकड़ों स्कूलों में अध्ययन प्रभावित

# मोदी की गारंटी को पूरा करने भरी हुंकार

- पुरानी सेवा गणना सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर धरना स्थल पर डटे रहे
- रैली निकालकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्तमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर बस्तर जिले के हजारों शिक्षकों ने गुरुवार को सामूहिक अवकाश पर रहकर स्थानीय मंडी प्रांगण में धरना प्रदर्शन में बैठे। जिसका व्यापक असर जिले के स्कूलों में देखने को मिला, स्कूलों में शिक्षक की अनुपस्थिति में बच्चे मैदान में खेलते नजर आये तथा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के पश्चात सन्नाटा पसरा रहा। साथ ही जिले भर के सीएसी ने कलमबंद कर हड़ताल में शामिल हुए। साथ ही पंचायत तथा नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य व प्रशिक्षण से भी किनारा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एलबी संवर्ग के शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति- समयमान प्रदान करने, नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन देने सहित देय तिथि से एरियर्स के साथ केंद्र के समान डीए प्रदान करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। विदित हो कि इसमें से अधिकांश मांगे वर्तमान सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में मोदी कि गारंटी के रूप में समाहित है। जिसे लेकर शिक्षकों ने जमकर हल्ला बोला। शिक्षक नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार जब विपक्ष में थी तब इन्हीं के नेता शिक्षकों की मांगों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंच कर तत्कालीन सरकार को कोसते थे और सत्ता में आने के बाद मांगें पूरा करने का संकल्प लेते थे। परन्तु अब सत्ता में आने के बाद सरकार कुम्भकरणी निद्रा में चली गई है। सरकार को कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सभा में जमकर निंदा की गई।

### रैली निकाल सरकार को चेताया

धरना स्थल से आंदोलनरत शिक्षकों की रैली नगर के विभिन्न मागोंर् से निकली। धरना स्थल मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। जहां मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्त मंत्री सहित विभागीय सचिवों के नाम मांगपत्र सौंपा गया। शिक्षक मोर्चा के संचालकों ने घोषणा की है कि मांगें यदि शीघ्र पूरा नहीं हुई तो आने वाले दिनों में स्कूलों में तालाबंदी कर राजधानी में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जायेगा।

### प्रदेश, सम्भाग व जिला स्तर के पदाधिकारी हुए सम्मिलित

धरना व रैली में संघ के प्रदेश, सम्भाग व जिला स्तर के पदाधिकारी सम्मलित हुए। इस दौरान प्रवीण श्रीवास्तव, शिव सिंह चंदेल, राजेश गुप्ता, देवराज खूंटे, मोहम्मद ताहीर शेख, गणेश्वर नायक, मंगलराम मौर्य, सुधीर दुबे, अमित पॉल, दुर्गा वर्मा, कमला शर्मा, भूमिका निषाद, पुष्पा मानिकपुरी, फूलदास नागेश, हरेंद्र राजपूत, तुलादास मानिकपुरी, नीलमणी साहू, संतोष सोनवानी, गजराज सिंह, लुदरसन कश्यप, अधीन शोरी, महेन्द्र ठाकुर, शामूराम मौर्य, काशीनाथ बघेल, मनीष ठाकुर, कमलसाय कश्यप, शत्रुघन कश्यप, मेहताब सिंह बघेल, अमित अवस्थी,कौशल्या शोरी, हेमन्त मंडावी, भुवनेश्वर नाग, ईश्वर लाल बन्धैइया , कृष्ण लाल गंधरला, आर एन भारद्वाज, अकबर खान, नवीन देवांगन , शरद श्रीवास्तव, विनय सिंह, मनोहर ध्रुरव, एस एस जॉन, ओमप्रकाश पटेल , हीर सिंह सिहारे, रामप्रसाद ठाकुर सहित हजारों की संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बीआईओसी ने उसरीबेड़ा को हराया दूसरे मैच में कांकेर रहा विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर से सटे कालीपुर टर्फ क्रिकेट स्टेडियम में रतन टाटा स्मृति ड्यूज बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन बीआईओसी के तत्वावधान में किया जा रहा है। गुरुवार को दो मैच खेले गए पहले मैच में बीआईओसी ने आसान मैच में उसरीबेड़ा को हराया। वही दूसरे मैच में कांकेर के युवाओं के बेहतर प्रदर्शन ने गीदम को बाहर का रास्ता दिखाया। टॉस जीतकर उसरीबेड़ा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया तुलेश और विनय मौर्य सलामी बल्लेबाजी करने उतरे दोनों के मध्य केवल छह रनों की साझेदारी हो सकी। पहला विकेट तुलेश को सौरव मजूमदार ने आउट किया। इसके बाद अच्छी बल्लेबाजी कर रहे विनय मौर्य भी करनदीप की गेंद पर बोल्ड आउट हुए। निचले क्रम में ललित नाग ने 19 गेंद में 16 रन का योगदान दिया जिसमें दो चौके जड़े। निचले क्रम के टिकेंद्र ठाकुर ने 18 गेंद पर 17 रन बनाकर टीम का स्कोर 13 ओवरों में 73 रन तक पहुंचाया। बीआईओसी के लिए सौरभ मजूमदार ने 5 विकेट और करण दीप ने 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए। 74 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीआईओसी की टीम केवल 6 ओवर में यह मुकाबला जीत लिया।

### कांकेर की टीम ने यूथ क्लब गीदम को हराया

कांकेर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवरों में 164 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सलामी बल्लेबाज बिपलव कुमार और पार्थ परमार ने पहले विकेट के लिए केवल 16 रनों की साझेदारी की। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे कृष ने 11 रन और विकेट कीपर तौकीर खान ने 47 गेंद का सामना कर 78 रनों की तूफानी पारी खेली जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल थे। गीदम के लिए विजय ने 3 ओवरों में 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं शिवहरे ने 3 ओवर में 24 रन देखकर 3 विकेट झटके। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्लब गीदम की टीम ने 20 ओवरों में केवल 123 रन 9 विकेट के नुकसान पर बना कर यह मुकाबला हार गया।

### तौफीक ने की बेहतरीन बल्लेबाजी

गीदम के सलामी बल्लेबाज जगजीत और तौफीक पहले बल्लेबाजी के लिए 6 ओवरों में शानदार 42 रनों की साझेदारी की और टीम को जीत की ओर लेकर जा रहे थे। वहीं अच्छी बल्लेबाजी कर रहे तौफीक को परमेश्वर ने आउट किया इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे पर्थ ने कुछ अच्छे शॉट जरूर लगा अपने परी के दौरान जिसमें 25 गेंद का सामना कर 27 रन बनाएं। श्याम 20 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। पहले मैच के मेन ऑफ द मैच सौरव मजूमदार रहे। जबकि दूसरे मैच के मेन ऑफ द मैच तौकीर खान को मिला।

## बिजनेस साइट

# पृथ्वी डेवलपर्स के सारे प्रोजेक्ट्स की रजिस्ट्री पर 50 प्रतिशत छूट

- दीपावली पर ग्राहकों को मिलेगा लाभ

**जगदलपुर।** बस्तर की विश्वसनीय रीयल इस्टेट कंपनी पृथ्वी डेवलपर्स द्वारा इस दिपावली पर घर या प्लाट खरीदारों हेतू दिपावली के विशेष तोहफे के तौर पर 50 प्रतिशत रजिस्ट्री की लागत पर छूट दी जा रही है, ज्ञातव्य है कि पृथ्वी डेवलपर्स द्वारा वर्तमान में जगदलपुर शहर में तीन प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। प्रथम शहर के आड़ावाल क्षेत्र में अशोका ग्रीन्स के नाम से तीन बैडरूम युक्त स्वतंत्र बंगले द्वितीय शहर के सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले धरमपुरा क्षेत्र में लाइफस्टाईल 2.0 के नाम से अत्याधुनिक तरीके से बना आवासीय प्लाटिंग प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो चुका है, तृतीय बेहतर निवेश एवं भविष्य के नये शहर नगरनार के पहले मारकेल में 8 एकड़ का आवासीय प्लाटिंग का प्रोजेक्ट लगभग तैयार हो गया है।

इन तीनों प्रोजेक्ट के संबंध में पृथ्वी डेवलपर्स के अशोक लुंकड़ ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया की जैसा की भवन निर्माण एवं कालोनी निर्माण के क्षेत्र में हमारा 24 वर्षों के गहन अनुभव के आधार पर हमारे सारे प्रोजेक्ट की प्लानिंग पर विशेष ध्यान दिया गया है, लोकेशन बेहतर प्लानिंग उत्कृष्ट निर्माण आकर्षक लेडस्केपिंग, भूमिगत नालियाँ विद्युतीकरण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पानी की अनवरत सप्लाई, 24 घंटे सुरक्षा, कालोनी में बाउंड्रवाल अकर्षक गेट इत्यादि । दूसरा महत्वपूर्ण की हमारे सारे प्रोजेक्ट्स रेरा द्वारा स्वीकृत होने के कारण उनकी विश्वसनीयता और भी बढ़ जाती है जिस कारण सारी वित्तीय संस्थाएं हमारे प्रोजेक्ट्स पर तत्काल ऋण प्रदान करती है। इस वर्ष हमने दीपावली पर्व पर हमारे सारे ग्राहकों हेतू हमारी कोई भी प्रापर्टी के खरीद पर लगने वाले रजिस्ट्री शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट देने का वादा किया है। श्री लुंकड़ ने कहा है कि, शहर में चल रहे सारे प्रोजेक्ट से हम बेहतर तरीके से काम कर अपनी विश्वसनीयता बनाये रखने का भरपूर प्रयास कर रहे है, उन्होंने आग्रह किया है कि, अगर आप शहर से कोई भी प्रापर्टी खरीद रहे हो तो हमारी प्रापर्टी का एक बार जरूर विजिट करें। साथ ही उन्होंने समस्त लोगों को दिपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ भी प्रेषित की है।

# संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी को रोकने में सुगम ऐप कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वरिष्ठ उप पंजीयक मुकेश कुमार अजापाल ने बताया कि रजिस्ट्री विभाग द्वारा सुगम ऐप बनाया गया है। सुगम ऐप संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ऐसी शिकायतें आती है कि रजिस्ट्री के पश्चात एक सामान्य आदमी कई प्रकार से फर्जीवाड़ा का शिकार हो जाता है। रजिस्ट्री दस्तावेज में दिया गया सम्पत्ति विवरण तथा मौके की स्थिति में अंतर होता है। सुगम ऐप में पक्षकार को रजिस्ट्री के प्रक्रिया के दौरान अपना मोबाइल लेकर उस जगह में जाना होगा, जिस स्थान की रजिस्ट्री किया जा रहा है। उस स्थान में जाकर सुगम ऐप खोलकर निर्देशित तीन कोणों अर्थात सम्पत्ति के सामने, दाएं और बाएं से उस स्थान का फोटो लेना होगा। वह फोटो स्वतः ही रजिस्ट्रार के माड्यूल में ट्रांसफर हो जाएगा। उस स्थान की भौगोलिक स्थिति अर्थात अक्षांश एवं देशांतर की स्थिति रजिस्ट्री पेपर में फोटो के साथ दर्ज हो जाएगी। इस प्रकार संपत्ति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का रजिस्ट्री पेपर में स्थायी रूप से अंकित रहेगा, जिससे पक्षकार कभी भी उस स्थान पर जाकर संपत्ति की पहचान कर सकता है। सुगम ऐप द्वारा इस प्रकार की घटनाओं पर विराम लगेगा। सुगम ऐप के माध्यम से सरकार को राजस्व नुकसान पहुंचाने की घटनाओं को भी नियंत्रित किया जा सकेगा।

**राजस्व हानि का रोका जा सकेगा-** सुगम ऐप से संपत्ति में क्या वास्तविक संरचना बना हुआ, यह ज्ञात हो सकेगा, जिससे भवन, रोड, फैक्ट्री आदि संरचनाओं को छुपाया नहीं जा सकेगा।इसके कारण सरकार को होने वाले राजस्व अपवंचन को रोका जा सकेगा। इससे ऐसी घटनाओं के पता चलने के बाद पक्षकार रजिस्ट्री के बाद होने वाले परेशानियों से मुक्त हो सकेंगे।

# हर जिले से 36 विद्यार्थियों के साथ 4 शिक्षक होंगे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 9.30 बजे से श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में शुरू की जाएगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथियों में विधायक किरण देव, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदबती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, नगर निगम सभापति कविता साहू मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ शासन संसदीय कार्य विभाग के निर्देशानुसार आयोजन समिति के संरक्षक संभागायुक्त डोमन सिंह के मार्गदर्शन में कलेक्टर हरीश एस के नेतृत्व में, नोडल अधिकारी संजीव श्रीवास्तव संयुक्त संचालक शिक्षा, समन्वयक आरती वासनिक युवा संसद प्रतियोगिता में निष्ठा एवं सेवा की भावना का विकास करेगी। प्रतियोगिता में संभाग के सातों जिले के विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से 36 विद्यार्थी एवं 4 शिक्षक सम्मिलित होंगे, जो टीम जीतेगी वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर तैयारी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य बीएस रामकुमार, शासकीय बहु उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह की प्राचार्य विनीता बेंजामिन, शासकीय बहु उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या क्रमांक 2 की प्राचार्य सुधा परमार व प्रभारी प्राचार्य सेजेस स्वामी विवेकानंद स्कूल मनीषा खत्री को सम्मिलित किया गया है।

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की ने जहर खाया हुई मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत बड़गांव निवासी 15 वर्षीय पिंकी आंचला ने जहर खा लिया। जहर शरीर में फैलने के कारण उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### हरनपुरी जसनि शिविर को किया स्थगित

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरनपुरी में 25 अक्टूबर को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### पानी में डूबने से बच्ची की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर के दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम सरोना निवासी कुमारी मंडावी का पानी में डूबने से 5 अक्टूबर को मौत हो गया। बच्ची पानी में डूब गई थी, ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त चालक की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत बारदा निवासी 24 वर्षीय लखन दुग्गा पिता स्व. झिट्टी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था। पीव्ही 116 के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण 22 अक्टूबर को उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जहर सेवन से हुई दो नाबालिगों की मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत छिंदपाल निवासी 16 वर्षीय अश्वनी कोमरा पिता सोमनाथ ने जहर खा लिया था, जिसका ईलाज के दौरान 18 अगस्त को मौत हो गया। वही करेंकट्टा निवासी 16 वर्षीय सुनील कुमार उसारे पिता नोहर राम का ईलाज के दौरान मौत हो गया। मृतक ने जहर खा लिया था, ईलाज के लिए भानुप्रतापपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोप : विधायक ने नगर पंचायत अंतर्गत काम हो जाने के बाद लगाए टेंडर की जाँच की मांग की

# विधायक ने नपं की कार्यप्रणाली पर फर्जीवाड़ा का लगाया आरोप और कलेक्टर से की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नगर पालिका अधिकारी की कार्यशैली पर उठाए प्रश्न, लगाया गंभीर आरोप
- नगर पंचायत चारामा द्वारा जारी निविदा को निरस्त करने की मांग की

भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने 21 अक्टूबर को लगाई गई निविदा में 09 अलग अलग बिन्दुओ में नगर पंचायत के द्वारा कई कार्यों में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। विधायक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की जाँच कर निविदा को निरस्त करने की माँग किया है।

विधायक द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है कि नगर पंचायत के द्वारा 21 अक्टूबर को मैनुअल पद्धित से निविदा निकाला गया है। 15 वें वित्त आयोग एवं अधोसंरचना योजनान्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए निविदा निकाली गई है। इस निविदा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित कार्यो में कार्य कमांक 02 जिसमें वार्ड क्रमांक 03 टीकू साहू घर से किशन देवांगन घर तक आरसीसी नाली निर्माण, क्रमांक 05 में वार्ड क्रमांक 13 में साहू सदन से भिरौद रोड की ओर फुटपाथ निर्माण कार्य, कमांक 12 मे वार्ड कमांक 06 में दुर्गा मंदिर के पास आरसीसी कन्वर्ट पुलिया निर्माण कार्य, कमांक 16 में वार्ड कमांक 09 दशहरा मैदान में हाईमास्ट लाईट की स्थापना कार्य, कमांक 19 में वार्ड क्रमांक 01 लक्ष्मी साहू एव वार्ड कमांक 11 सदर बाजार होटल के पास आरसीसी नाली निर्माण एंव कमांक 23 में वार्ड कमांक 13 में मुक्तिधाम में चबूतरा सह शेड निर्माण कार्य उल्लेखित किया है, जबकि यह सभी कार्य निविदा पूर्व कार्य किया जा चुका है, जिसका फर्जी भुगतान के लिए निविदा लगाया गया है, उक्त स्थल का भौतिक सत्यापन कराने की माँग किया है। कार्य कमांक 01 और वार्ड क्रमांक 05 में अटल परिसर स्थापना कार्य, कार्य कमांक 11 बाजार चौक में हाई मास्ट लाईट स्थापना कार्य एंव कार्य कमांक 26 में वार्ड कमांक 15 में स्कूल के पास शेड निर्माण कार्य दर्शित है, जबकि यह सभी कार्य में निर्माण कार्य के लिए स्थल नही होने के कारण कार्य किया जाना संभव ही नही है, जिसमें गलत तरीके से राशि का दुरूपयोग किया जाना प्रतीत होता हैं।




कार्य कमांक 28 नगर के विभिन्न वार्ड मे विद्युत पोल विस्तार कार्य, कार्य कमांक 29 में वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड कमांक 03, कार्य कमांक 30 में वार्ड कमांक 06 से वार्ड क्रमांक 08 और कार्य कमांक 31 में वार्ड कमोंक 13 से वार्ड क्रमांक 15 तक विद्युत पोल विस्तारी के लिए 72 नग विद्युत ट्यूबलर पोल विस्तारणीकरण उल्लेखित है जो पूर्ण रूप से राशि 124.08 लाख रूपएं का फर्जी कार्य है। प्रति नग ट्यूबलर पोल की कीमत (लागत) औसतन 15 से 20 हजार रूपएं होता है, जिसे प्रति पोल डेढ़ लाख रूपएं बढ़ाकर गलत तरीके से ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा कराई जा रही है, जबकि यह राशि नियमानुसार विद्युत विभाग को दिया जाना चाहिए ताकि विद्युत विभाग से गुणवत्ता पूर्वक उक्त कार्य कराया जा सकेगा। कार्य कमांक 16 में वार्ड क्रमांक 09 दशहरा मैदान में हाई मास्ट लाइट स्थापना कार्य उल्लेखित किया गया हैं, जबकि उक्त कार्य निविदा पूर्व किया जा चुका है तथा इसका लोकार्पण भी दशहरा के दिन हो चुका है, जिसका फर्जी भुगतान हेतु निविदा लगाया गया है, जो कार्य पूर्ण उपरांत निविदा लगाना नियम विरूद्ध है जिसका स्थल परीक्षण व जाँच कराया जाए।

### अध्यक्ष व अधिकारियों की मिलीभगत

निविदा में कई नियमों को दरकिनार कर अपने चहेते को लाभ देने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिकारियों की मिली भगत लगातार सामने आ रही है, जिसकी जाँच जरुरी है, ताकि शासन के राशि का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। ज्ञापन देने के बाद कोई कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन का रूख अपनाना पड़ेगा।

### विधायक ने स्वीकृत किए कार्य, नहीं निकाली निविदा

विधायक के अनुसंशा अनुसार कार्यालय कलेक्टर के आदेश कमांक/723/कले. / जि.यो.सां./विधा. निधि/2023-24 कांकेर दिनांक 04.10.2024 के तहत स्वीकृति कार्य सामुदायिक भवन निर्माण सोनकर पारा चारामा स्वीकृत राशि 5 लाख रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण रामसत्ता चौक के पास स्वीकृत राशि 5 लाख रूपएं एवं सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य वार्ड कमांक 02 राजमिस्त्री पारा स्वीकृत राशि 2 लाख रूपएं जिसकी प्रथम किस्त राशि 6 लाख रूपएं आवंटित हो चुका है, उसके बावजूद उक्त कार्यों को जानबुझकर निविदा में शामिल नही किया गया है, ताकि आम नागरिकों में मेरे प्रति आक्रोश बढे और उनकी लोकप्रियता कम हो। ऐसी मानसिकता के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत चारामा द्वारा राजनीति कराया जा रहा है, इस प्रकार सोची-समझी मानसिकता के आधार पर विधायक मंद अंतर्गत स्वीकृत कार्य को निविदा में शामिल नहीं किया गया है, जबकि उक्त कार्यों की स्वीकृति निविदा जारी दिनांक से पहले हो चुकी है, जिस प्रकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा उच्च कार्यालय से प्राप्त आदेश निर्देशों का पालन न कर उल्लंघन किया जा रहा है। उक्त कार्यों को निविदा में शामिल नही करने के संबंध में आवश्यक जॉच व परीक्षण कराया जहाए तथा संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यावाही की जाए।

# पंचायत स्तरीय टेनिस क्रिकेट में भण्डारडिगी ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कोदापाखा में पंचायत स्तरीय चार दिवसीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ-साथ एक दिवासीय महिला प्रो कबड्डी का भी आयोजन रखा गया था। प्रतियोगिता में 25 क्रिकेट टीम और 10 महिला कबड्डी टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला भण्डारडिगी और निराछींदली केशकाल के बीच मैच खेला गया, जिसमें भण्डारडिगी के टीम विजयी रही। विजयी टीम को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिला वर्ग प्रो कबड्डी में 10 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम रायपुर की टीम, द्वितीय कोपाकटेल की टीम रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि शीतल कुलदीप बोगा ने कहा कि अंचल क्षेत्र में ऐसा आयोजन होना काफी सराहनी है। खेल के साथ-साथ शिक्षा को महत्व देना है। विजेता टीमों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं हारे हुए सभी टीमों को शांत्वना, क्योंकि कोई भी चीज हार से ही जीत होती है, गलती से ही सुधार होता है। उपविजेता टीमों को आने वाले समय में सीख लेनी होगी, उन्हें हार का कारण पता चल पाएगा, जिससे आने वाला समय में अच्छी सी तैयारी कर अपना प्रदर्शन कर पाएंगे। ऐसा आयोजन हर क्षेत्र में समय-समय पर होना चाहिए, क्योंकि इन खेलों से शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान अनुपा नरेटी, दिनेश नरेटी, आत्माराम नरेटी, सुंदर दास कुलदीप, रामप्रसाद नरेटी, पत्तीराम नरेटी, बिरसुराम नरेटी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी के लिए किसान रवाना

**चारामा।** राष्ट्रीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी रायपुर के लिए क्षेत्र के किसानों एवं कृषि विभाग के स्टॉफ सहित कुल 40 कृषको को जनपद अध्यक्ष अरुण मरकाम, कृषि सभापति संतोषी सिन्हा, सत्कार पटेल जनपद सदस्य एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष नारायण सोनकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जहां किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक एवं प्रदर्शनी के माध्यम से जागरूक करने एवं नवाचार के उद्देश्य से भ्रमण करवाया गया।

एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत राज्य के अंदर एक दिवस कृषक प्रशिक्षण का आयोजन कृषि महाविद्यालय रायपुर में डॉ अनिल नेताम सहायक प्राध्यापक कृषि महा विद्यालय कांकेर के द्वारा आईएफएस मॉडल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। रसायन मुक्त खेती अन्तर्गत वार्मि कम्पोस्ट बनाने की विधि एवं फील्ड विजिट के माध्यम से किसानो को प्रशिक्षित किया गया। डॉ अनिल कुमार नेताम सहायक प्राध्यापक के द्वारा डॉ आरएच रिछारिया प्रयोग शाला में चल रहे अनुसंधान एवं अन्य गतिविधियों




के बारे मे जानकारी दिया गया, जिसमें पौध संवर्धन तकनीक छत्तीसगढ़ जिंक धान, संजीवनी धान मधुराज धान के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत किसान भाइयों को राष्ट्रीय किसान मेला इन्दिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर में लगाए गए विभिन्न इंस्टालो का जैसे निजी बीज कंपनी कृषि अभियांत्रिकी, खाद कंपनी, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मधु मक्खी पालन, कृषि उत्पादन विक्रय केन्द्र, कृषक खेत पाठशाला उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजकुमार सिन्हा, कृषि विकास अधिकारी राजाराम नेताम एवं विभाग के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं स्टाफ, आत्मा योजना से गोपाल कृष्ण साहू, किसान मित्र एवं विभिन्न क्षेत्र के 40 से भी अधिक किसान बंधु उपस्थित रहे।



# एससीएच अस्पताल में मेडिकल लैब टेक्नालॉजिस्ट डे मनाया

**कांकेर।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध कोमलदेव चिकित्सालय के द्वारा 24 अक्टूबर को मातृ एवं शिशु रोग विभाग अस्पताल में मेडिकल लैब टेक्नालॉजिस्ट डे धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमल भगत ने कहा कि एमएलटी स्वास्थ्य विभाग के रीड़ की हड्डी होते है। उनके बिना किसी मरीज का इलाज संभव नही है। एमएलटी मरीज की बीमारी पकड़ता है, तभी चिकित्सक उसका सही ईलाज कर पाता है। एमएलटी अगर लेब रिर्पोट देने पर मरीज का ईलाज संभव हो पाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एचओडी पैथालॉजिस्ट डॉ. दुष्यत सिंह ने कहा कि कुछ भी महावारी के समय में अगर पहला काम रहता है तो एमएलटी का महत्वपूर्ण भूमिका होता है। वे हर बिमारी के संपर्क में रहकर काम करता है। विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित डॉ. विवेक ने कहा कि जहां एक ओर विश्व कोवडी महामारी से लड़ रहा था। वहीं एमएलटी अपनी जान जोखिम का परवाह किए बगैर घर परिवार से दूर कोविड से जंग लड़ रहा था। दूर भागने में पूरे विश्व का सहयोग कर रहा था। कोवडि के दौरान एमएलटी ने अपने जान की भी बलिदान दिए है, जो भुलाया नही जा सकता। कार्यक्रम के दौरान मैटन पुष्पलता कवाची, डॉ. मनीष परते, डॉ. जनेन्द्र शांडिल्य, नंद ठाकुर, दीनबंधु सिन्हा, सियाराम नाग, होला राम साहू, दीपक साहू, पीवीई कुरूविला, हरेन्द्र वैद्य, दिनेश ठाकुर, धरती दीवान, कादाम्बीन बघेल, हरीप्रकाश साहू, मोहित सिन्हा, मिलाप राम व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में कांकेर जिले को प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




छत्तीसगढ़ में प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में आयोजित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रेडक्रास जनरल सेकेटरी एमके राउत, चेयरमेन अशोक अग्रवाल एवं सचिव डॉ. रूपल पुरोहित उपस्थित रहे।

रेडक्रास सोसायटी के पांच दिवसीय कार्यक्रम में 33 जिलों से आए छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और पदेन सचिव डॉ. महेश सांडिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा निर्देश पर जिले से 8 छात्र और 8 छात्राओं का दल प्रभारी ओमप्रकाश सेन, महिला प्रभारी बृजवती मातलामी एवं पुरुष काउंसलर के नेतृत्व में शामिल हुए। जूनियर रेडक्रास जंबुरी में 33 जिला से 354 बालक व 445 बालिका, काउंसलर, 107 दल प्रभारी सहभागी रहे। रेडक्रास जंबुरी में जिला जूनियर रेडक्रास के दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में अपना स्थान बनाया। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में मयंक पांडेय हायर सेकण्डरी धनेलीकन्हार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हस्तकला प्रतियोगिता में ताम्रध्वज साहू हायर सेकण्डरी भनसुली ने प्रथम स्थान एवं लोकगीत प्रतियोगिता में जिले ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और मोमेंट से सम्मानित किया गया। जिले के दल ने लोकनृत्य, रंगोली, प्राथमिक सहायता, मार्चपास्ट, फुड प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्वीज प्रतियोगिता विधाओं में भी बेहतर प्रदर्शन किया। राज्यपाल महोदय ने प्रत्येक जिले के बच्चों को अपने साथ चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। समापन समारोह के अतिथि राज्यपाल ने कहा कि जूनियर रेडक्रास का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा और मानवता की भावना जागृत करना है, जिससे वे समाज की बेहतरी में योगदान दे सकें। राज्यपाल ने सभी से आग्रह किया कि जो आपने यहां सीखा है, उसे जीवन में उतारें और समाज को अपनी सेवाओं से गौरवान्वित करें।

# पूछताछ करने पर युवती का ईंट से सिर फोड़ा साथियों सहित आरोपी युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के जावाहर वार्ड में युवती के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने मिलकर युवती को जान से मारने की धमकी दिया और पास में पड़े ईंट से सिर पर हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंची जवाहर वार्ड कांकेर निवासी 28 वर्षीय महेश्वरी सलाम पिता रमेश सलाम ने पुलिस को बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह 7 बजे अपने भतीजे पीयूष सलाम को ब्रश करवाने के लिए उठाने गई थी। मेरे भाई महेश के घर में एक युवक लड़की के साथ सोया था, उसे देखकर मैं तुरंत बाहर निकल गई। थोड़ी देर के बाद युवक घर से बाहर निकला, तो मैं अंदर गई और लड़की से पूछी तुम कौन हो तो लड़की नाम पता नहीं बताई और चली गई। उसके बाद आरोपी युवक मेरे घर के सामने आकर कहने लगा कि तू कौन होती है बोलने वाली करके गाली देने लगा और चला गया। दोपहर ढाई बजे आरोपी युवक अपने तीन साथियों के साथ मेरे घर के सामने आकर मेरे पिता को बोले की तुम्हारी बेटी कहां है, बाहर निकालो। आरोपियों ने पिता को जोर से नाली में धकेल दिया। आवाज को सुनकर मैं बाहर निकली तो मुझे सभी लोग मारने लगे और बोले कि आज तुझे जान से मार देंगे। पास में पड़े ईंट के टुकड़े से मारा, जिससे मेरे सिर पर चोट आई है।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करने पर जोर

**कांकेर।** रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती के अवसर पर 23 अक्टूबर को जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम शासकीय पॉलीटेक्निक एवं शासकीय शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय मंडावी, मुख्य वक्ता भूपेंद्र नाग एवं अजितेश दत्ता उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता ने जनजातीय समाज के गौरवशाली परंपरा, संस्कृति, कला एवं चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही आधुनिक भारत के निर्माण में जनजातीय समाज की भूमिका से अवगत कराते हुए जनजातीय संस्कृति को संरक्षित रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक कांकेर एवं शिक्षा महाविद्यालय कांकेर के विद्यार्थियों द्वारा जनजाति समाज की संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक कांकेर के प्राचार्य काजल राय, शिक्षा महाविद्यालय कांकेर की प्राचार्य डॉ. पूर्वा शर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# कार्यक्रम में जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा को किया उजागर

**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त न्यायाधीश बीएस सलाम उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती और शहीदों के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र नाग ने कहा कि जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समाज के समक्ष जनजातीय समाज की गौरवशाली धरोहर को उजागर करना था। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से वीर शहीदों के चित्र बनाए गए। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में वीर शहीदों की गाथाओं को पर्दे के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके मरकाम, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षिका सुनीति सलाम, हेमकुमारी तारम उपस्थित रहे।




कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### रासेयो का सात दिवसीय शिविर आमाकड़ा में जारी

**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि आमाकड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया है। शिविर चौथे दिन बौद्धिक परिचर्चा के दौरान स्कूल के व्याख्याता ललित नरेटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को केम्प तक ना रख कर पुरे अपने जीवन में अपनाने कि बात कही, ताकि आने वाले समय के अनुरूप ढल सकें। जिला समंवयक हुमन लाल कोमरे, कार्यक्रम अधिकारी लखेस साहू ने शिविर निरीक्षण किया। स्वयं सेवको को उनके लक्ष्य एवं उद्देश्य को लेकर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार रावटे, सुरेश कुमार ठाकुर, इंद्रेश मरावी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour



स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र
के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें
हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी
संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय
मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल
मो. 9407909500